कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) करियप्पा मार्ग, लखनऊ छावनी-226002
Office of the Principal Controller of Defence Accounts (CC)
Cariappa Road, Lucknow Cantt.-226002

सं.प्रशा./1025/हि.क./पत्रिका/13 वां अंक दिनांक : 23.08.2016

सेवा में ,

मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग /
सभी अधीनस्थ कार्यालय

विषय : मुख्य कार्यालय की हिंदी गृह पत्रिका 'लेखा भारती ' के 13 वें अंक का प्रकाशनः रचनाओं का प्रेषण ।
संदर्भ : इस कार्यालय का दिनांक 22.02.2016, दिनांक 16.03.2016 एवं 23.06.2016का समसंख्यक पत्र ।

उपर्युक्त विषय में सूचनीय है कि रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (म.क) लखनऊ की गृह पत्रिका 'लेखा भारती' के 13 वें अंक का प्रकाशन किया जाना है ।

चूँकि पत्रिका के प्रकाशन से राजभाषा के प्रचार - प्रसार के साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रचनाधर्मिता प्रस्फुटित होती है एवं उनकी सृजनशीलता को अभिव्यक्ति मिलती है । अत: कार्यालय / अनुभाग प्रभारियों से अनुरोध है कि वे अपने अधीन कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को **दिनांक 05 सितम्बर 2016 तक** रचनाएँ भेजने हेतु प्रोत्साहित करें एवं इस पत्रिका के प्रकाशन में सहायोग प्रदान करें ।

पत्रिका में प्रकाशन हेतु रचनाएँ भेजने के लिए अनुरोध है कि:

1.रचनाएँ फुल स्केप कागज पर एक ओर टाइप होनी चाहिए । रचना के साथ ही रचनाकार / लेखक का **पासपोर्ट साइज़ का कलर फोटोग्राफ़** भी प्रेषित किया जाना है । पत्रिका प्रकाशन में धन एवं श्रम के अपव्यय को रोकने के लिए रचानाओं को **MS-word में मंगल फाँट (यूनिकोड) में टाइप करवाकर** इसकी साफ्ट कापी pcdacclkohindicell@gmail.com पर भी भेजी जा सकती है ।

2.इसके साथ ही लेखक का यह प्रमाण पत्र भी संलग्न होना वांछनीय है कि यह उसकी मौलिक रचना है तथा अन्यत्र कहीं प्रकाशित नहीं हुई है ।

यद्यपि विभागीय रचनाओं को प्राथमिकता दी जाती है तथापि पत्रिका में प्रकाशन योग्य सामग्री का चयन इस हेतु गठित समिति द्वारा किया जायेगा ।

ह०
व.लेखाधिकारी(हिन्दी)

प्रतिलिपि
स्वचलन कक्ष (स्थानीय) ... व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु संगठन की बेबसाइट पर अपलोड करने हेतु

व.लेखाधिकारी(हिन्दी)